जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 29.10.2026 का कार्यवृत्त

बिन्दु सं0 1:– पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 29.10.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कार्यदायी संस्था वेलस्पन–कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट जे0वी0 एवं जी.ए. इन्फ्रा–बाबा जे0वी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर, डीपीएमयू एवं टी0पी0आई0 टीम सहित अन्य अधिकारीकरण उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था वेलस्पन–कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट एवं जी.ए. इन्फ्रा–बाबा जे0वी0 की प्रगति निम्नवत् पायी गयी :–

वेलस्पन–कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट जे0वी0 –

Sl.No.	Item	Scope	Completed	Work in Progress
1	Tubewell	262	258	04
2	Pump House	262	257	05
3	Solar	258	207	51
4	ESR (OHT)	262	111	151
5	Pipeline (Km.)	3951	3943	08
6	FHTC	160069	153764	6305
7	Har Ghar Jal Certification	532	50	482

जी.ए. इन्फ्रा–बाबा जे0वी0 –

Sl.No.	Item	Scope	Completed	Work in Progress
1	Tubewell	136	135	01
2	Pump House	136	134	02
3	Solar	121	119	02
4	ESR (OHT)	136	132	04
5	Pipeline (Km.)	1560	1545	15
6	FHTC	54024	53230	794
7	Har Ghar Jal Certification	216	132	84

अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि गत बैठक दिनांक 24.09.2026 से दिनांक 29.10.2026 तक कार्यदायी संस्था वेलस्पन द्वारा शिरोपरि जलाशय में 15 नग, सोलर में 02 नग, 702 नग FHTC की प्रगति की गयी है। मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा0 के द्वारा शिरोपरि जलाशय में 01 नग, पम्प हाउस में 01 नग, पाइप लाइन में 04 कि0मी0 एवं 330 नग FHTC की प्रगति की गयी है, शेष कार्यों में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं है। अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्थाओं की धीमी प्रगति के दृष्टिगत पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभिंयता, जल निगम, ग्रामीण/ कार्यदायी संस्था)

बिन्दु सं0 2:– अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि अवशेष 02 नग पेयजल योजनाओं ग्राम अहिमनपुर विकासखण्ड औराई, ग्राम कठौता विकासखण्ड ज्ञानपुर में भूमि प्राप्त किये जाने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से निरन्तर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बंधित उप जिलाधिकारी से सम्पर्क कर अप्राप्त भूमि का चिन्हांकन कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण/सम्बन्धित उपजिलाधिकारी)

बिन्दु सं0 3:– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि गोपीपुर–कांशीरामपुर पेयजल येाजना से **एच0टी0 लाइन शिफ्टिग** का कार्य प्रगति पर है एवं सीकीचौरा पेयजल योजना से एच0टी0लाइन शिफ्टिग का कार्य अभी भी अवशेष है।

इसके अतिरिक्त 02 नग पेयजल योजनाओं (अनेगपुर, खेमईपुर,) का **विद्युत कनेक्शन** कार्य अवशेष है। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर अवशेष कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण /अधिशासी अभियंता, विद्युत)

बिन्दु सं0 4:– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि आपके द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में योजनावार लम्बित आई0जी0आर0एस0 शिकायतों का विवरण तैयार करते हुए निस्तारण कराया जा रहा है। माह अक्टूबर 2026 में शिकायतो से प्राप्त फीडबैक का विवरण निम्नानुसार है–

S. No	Agency	IGRS				Helpline			
		Total Feedback taken	Satisfactory	Unsatisfactory	Satisfactory %	Total Feedback taken	Satisfactory	Unsatisfactory	Satisfactory %
1	Welspan	14	11	03	78.57 %	54	45	9	83.33%
2	G.A.	10	07	03	70.00%	86	72	14	83.72%

आई0जी0आर0एस0 शिकायतो के समयबद्ध एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण हेतु लगातार फर्मो को निर्देशित किया जा रहा है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि लम्बित आई0जी0आर0एस0 प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। यदि फर्म के द्वारा आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने में रूचि नहीं ली जाती है तो फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/ कार्यदायी संस्था)

बिन्दु सं0 5:– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि हर घर जल प्रमाणीकरण में विगत माह में मेसर्स वेलस्पन–कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट जे0वी0 एवं मेसर्स जी.ए. इन्फ्रा–बाबा जे0वी0 के द्वारा कोई प्रगति नहीं की गयी है। अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्थाओं की हर घर जल प्रमाणीकरण में धीमी प्रगति के दृष्टिगत पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/ कार्यदायी संस्था)

बिन्दु सं0 6:– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि स्कूल, आंगनवाडी, सामुदायिक शौचालयो एवं अन्य सरकारी भवनों पर में कराये गये गृह जल संयोजन का विवरण तैयार किया जा रहा है। स्कूल एंव आंगनवाडी केन्द्रो पर कराये गये गृह जल संयोजन का विकासखण्ड वार विवरण निम्नानुसार है–

क0सं0	विकासखण्ड	स्कूल		आंगनवाडी	
		लक्ष्य	पूर्ण	लक्ष्य	पूर्ण
1	अभौली	88	71	160	122
2	औराई	184	148	308	184
3	भदोही	168	132	275	182
4	डीघ	167	127	268	173
5	ज्ञानपुर	163	115	226	137
6	सुरियॉवा	105	74	161	92
	योग	875	667	1398	890

अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बंधित विभागो से सम्पर्क कर स्कूलों एंव आंगनवाडी में शतप्रतिशत गृह जल संयोजन कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/ कार्यदायी संस्था)

अन्य बिन्दु :– समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया जाता है कि सोलर आधारित पेयजल योजनाओं पर उत्पादित अतिरिक्त सौर उर्जा को ऑनग्रिड में परिवर्तित कराने हेतु विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/ अधिशासी अभियंता, विद्युत)

अतः सभी संबंधित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अगामी बैठक के पूर्व अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
BALGOVIND SHUKLA
Date: 03-11-2026
16:05:59

Digitally signed by
Shailesh Kumar
Date: 03-11-2026
19:55:44

(जिलाधिकारी)
भदोही।

कार्यालय जिलाधिकारी भदोही।

पत्रांक 5849/ कार्यो - 33 / 15 दिनांक 03.11.2026

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विकास अधिकारी भदोही।
2. सम्बन्धित समस्त अधिकारी भदोही।
3. समस्त अन्य संबंधित अधिकारीगण को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिशिचित करते हुए अनुपालन आख्या बैठक के पूर्व प्रस्तुत करें।

(जिलाधिकारी)
भदोही।